उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्या :: 11 / 10/DR/E-2/Civil Judge/2022-23 दिनाँक :: 13 अप्रैल, 2023

विज्ञप्ति
''उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश परीक्षा–2023''

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ''उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश परीक्षा 2023'' हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या:: 10/DR/E-2/Civil Judge/2022-23, दिनाँक 01 मार्च, 2023 के अनुक्रम में दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को श्रुतलेखक के सम्बन्ध में प्राविधान का उल्लेख, विज्ञापन के **परिशिष्ट–4** में किया गया है। ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा विज्ञापन में उल्लिखित दिव्यांगता श्रेणी के सापेक्ष आनलाइन आवेदन–पत्र में दावा किया गया है, उक्त अभ्यर्थी **श्रुतलेखक (Scribe)** की सेवा आयोग द्वारा उपलब्ध कराये जाने अथवा स्वतः श्रुतलेखक (Scribe) की व्यवस्था करने के संबंध में आयोग कार्यालय में प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

2. प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष स्वयं श्रुतलेखक (Scribe) लाने का विकल्प चयनित करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को विज्ञापन के परिशिष्ट–4(I) पर निर्गत प्रमाण पत्र, श्रुतलेखक से संबंधित परिशिष्ट–4 (II) पर निर्गत प्रमाण पत्र एवं श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो **दिनाँक 20 अपैल, 2023 (बृहस्पतिवार)** तक सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार, पिन–249404 कार्यालय में डाक अथवा किसी भी अन्य माध्यम से उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

3. प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष आयोग द्वारा श्रुतलेखक (Scribe) उपलब्ध कराये जाने का विकल्प चयनित करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को विज्ञापन के परिशिष्ट–4(I) पर निर्गत प्रमाण पत्र **दिनाँक 20 अप्रैल, 2023 (बृहस्पतिवार)** तक डाक अथवा किसी भी अन्य माध्यम से सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार, पिन– 249404 के कार्यालय में उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। उक्त अभ्यर्थी आयोग द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे श्रुतलेखक से परीक्षा की तिथि से 02 दिन पूर्व अर्थात **दिनांक 28 अप्रैल, 2023 (शुक्रवार)** को कार्यालय अवधि (9:30 A.M.- 6:00P.M.) में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग कार्यालय, हरिद्वार में उपस्थित होकर मिल सकते है। **ऐसे अभ्यर्थियों को हरिद्वार जिले में ही परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाएगा।**

आयोग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि **20 अप्रैल, 2023 (बृहस्पतिवार)** तक वांछित अभिलेख उपलब्ध कराने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को ही आयोग द्वारा श्रुतलेखक अनुमन्य किया जाएगा।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।